केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान

(समवत् विश्वविद्यालय)

(एन. ए. ए. सी. के द्वारा श्रेणी 'अ' में स्वीकृत)

Central Institute of Buddhist Studies



वार्षिक विवरण

Annual Report

2015–2016

चोगलमसर, लेह–लदाख–194101 (ज. एवं क.)

Choglamsar, Leh-Ladakh 194101 (J&K)

विषयानुक्रमणी

पृ.सं.

1. संक्षिप्त इतिहास
2. उद्देश्य
3. प्रबन्धन
4. उप–समितियों का गठन
5. धन
6. कर्मचारी संख्या
7. विभाग और संकाय
8. नवीन प्रवेश
9. परिसंवाद गोष्ठी/संगोष्ठी/कार्यशाला
10. शैक्षिक यात्रा
11. प्रकाशन
12. शोध कार्य
13. परिसर
14. पुस्तकालय
15. संग्रहालय
16. विशेष व्याख्यान /अन्य शैक्षिक क्रियाकलाप :
    - (क) स्व.ग्यल–स्रस बकुला रिनपोछे व्याख्यानमाला
    - (ख) संयुक्त कार्यक्रम
    - (ग) भोटी दिवस
    - (घ) दवाईयों की सुविधा
    - (ङ) वार्षिक क्रीडा–प्रतियोगिता
    - (च) वार्षिक /मासिक पत्रिका
17. पाठ्यक्रम
18. छात्रवृत्ति
19. विद्यार्थियों को पाठय पुस्तक एवं कापियों का निःशुल्क वितरण
20. परीक्षा परिणाम

21. गोनपा/श्रामणेरी विद्यालय
22. वार्षिकोत्सव
23. अन्य महत्वपूर्ण घटनायें
    (क) भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती
    (ख) सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन की जयन्ती, अध्यापक दिवस
    (ग) हिन्दी दिवस
    (घ) बुम (भगवान बुद्ध के प्रवचनों) का पाठ
    (ङ) लद्दाख के बौद्ध मठों द्वारा मंत्र पाठ, एक अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर
    (च) स्वच्छ भारत अभियान
24. यू.जी.सी विशेषज्ञ दल का आगमन

25. बौद्ध दार्शनिक शास्त्र–अनुवाद परियोजना
26. हिमालयी बौद्ध–संस्कृति–विश्वकोश परियोजना के संकलन का आरम्भ
27. राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव
28. कुशीनगर में बौद्ध महोत्सव
29. बेंगलुरू में बौद्ध महोत्सव
30. पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र
31. उपाधि /उपाधि–पत्र प्राप्त करने के पश्चात् छात्रों की नियुक्ति

32. डुजिंग फोडंग विद्यालय
    (क) संक्षिप्त इतिहास
    (ख) परीक्षा परिणाम
    (ग) अन्य क्रिया–कलाप
    (घ) कर्मचारी संख्या

33. बौद्ध दर्शन संस्कृत विद्यालय, केलांग (हि.प्र.)
    (क) संक्षिप्त इतिहास
    (ख) परीक्षा परिणाम
    (ग) कर्मचारी संख्या

34 परिशिष्ट
    i) प्रबन्धक समिति की संरचना
    ii) शिक्षा समिति की संरचना

iii) वित्त समिति की संरचना

iv) प्रकाशन समिति की संरचना

v) ग्रन्थालय समिति की संरचना

vi) शोध समिति की संरचना

vii) केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान की कर्मचारी संख्या

viii) केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह का परीक्षा परिणाम

ix) गोनपा/श्रामणेरी विद्यालयों के विद्यार्थियों के विद्यालयवार एवं कक्षावार नामांकन का विवरण

x) परीक्षा का परिणाम (डी.पी.एस.,जंस्कार)

xi) डी.पी.एस.,जंस्कार की कर्मचारी संख्या

xii) परीक्षा का परिणाम (बी.डी.एस.वी., केलांग)

xiii) कर्मचारी संख्या (बी.डी.एस.वी., केलांग)

,,,,,,,,,,

1.संक्षिप्त इतिहास :

सन् 1959 से पूर्व लदाख के विद्वान्, श्रामणेर एवं भिक्षु उच्च बौद्ध शिक्षा के लिए तिब्बत जाते थे। वे तिब्बत जाकर वहाँ के विभिन्न प्रसिद्ध महाविहारों, यथा– ड्रि–गुङ, ग–दन, सेरा, टशी–ल्हुनपो, ड्रे–पुङ, सक्या, सङ्–ङग–छोसलिङ, देरगे आदि में अनेक वर्षों तक बौद्ध विद्याओं का अध्ययन करते थे। परन्तु सन् 1959 की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के परिणामस्वरूप अचानक इस परम्परा में व्यवधान पैदा हुआ। तत्पश्चात् यह आवश्यकता अनुभव की गयी कि बौद्ध दर्शन के विधिवत् अध्ययन के लिए इस आर्य देश अर्थात् भारत में ही एक बौद्ध विद्या केन्द्र की स्थापना की जाय। बौद्ध संस्कृति एवं दर्शन के प्रचार–प्रसार के लिए लेह को चिह्नित किया गया, जो प्राकृतिक, भौगोलिक एवं पारम्परिक दृष्टि से सर्वथा अनुकूल था।

तदनुसार चौदहवें परमपावन दलाई लामा जी के वरिष्ठ गुरु योंगजिन लिङ रिन्पोछे द्वारा वर्तमान केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान की पूजन–विधि द्वारा स्थापना की गयी। यह संस्थान प्रारंभ में 'बौद्ध दर्शन महाविद्यालय' के नाम से जाना जाता था। सन् 1962 में स्व॰ भदन्त कुशोक बकुला जी के आग्रह पर तत्कालीन प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने लदाख के लोगों के बीच इस प्रकार के संस्थान की आवश्यकता का अनुभव किया। तदनुसार उन्होंने इस संस्थान को प्रबंधन एवं वित्तीय सहायता के लिए भारत सरकार के संस्कृति विभाग को सौंपना स्वीकार किया।

प्रारम्भ में इस संस्थान में मात्र 10 भिक्षु छात्र अध्ययन करते थे, जो लदाख के विभिन्न गोनपाओं से संबद्ध थे। छात्रों को भोट साहित्य तथा बौद्ध दर्शन पढ़ाने के लिए दो अध्यापकों को नियुक्त किया गया था। लगभग तीन वर्षो तक सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों का खर्च

उपर्युक्त दस गोनपाओं ने वहन किया। सन् 1959 से 1961 तक यह विद्यालय लेह में स्थित रहा। उसके पश्चात् इसको लेह से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित स्पितुग गाँव में स्थानान्तरित किया गया। सन् 1973 में संस्थान को लेह से 8 किलोमीटर दक्षिण–पूर्व दिशा में चोगलमसर में पुनः स्थानान्तरित किया गया। सन् 1964 में संस्थान को एक शैक्षिक संस्थान के रूप में जम्मू व कश्मीर पंजीयन कानून 1941 के अन्तर्गत पंजीकृत किया गया। प्रारम्भ में यहाँ बौद्ध दर्शन के अतिरिक्त संस्कृत, हिन्दी, भोटी एवं अंग्रेजी विषयों का अध्ययन होता था। सन् 1973 में संस्थान को सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, उ॰ प्र॰ से सम्बद्ध कराया गया और सीमांत क्षेत्र के छात्रों के लिए उपयुक्त पाठ्यक्रम शुरू किए गए। भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सिफारिश पर यूजीसी अधिनियम की धारा 3, 1965 के तहत अधिसूचना संख्या एफ.9–5/2001–यू.एस.(ए) दिनांक 15–01–2016 के अनुसार केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह को 'समवत् विश्वविद्यालय' का दर्जा प्रदान किया।

बौद्ध विद्या के प्रकाण्ड तिब्बती विद्वान् भदन्त येशे थुबतन ने 1967 तक संस्थान के प्रथम प्राचार्य के रूप में कार्य किया। तत्पश्चात् प्रसिद्ध बौद्ध विद्वान भदन्त लोछोस रिन्पोछे जी की संस्थान के द्वितीय प्राचार्य के रूप में नियुक्ति हुई। डॉ॰ टशी पलजोर ने सन् 1979 से 2005 तक संस्थान के प्राचार्य के रूप में कार्य किया। सन् 2005 से 2010 तक पाँच साल प्राचार्य के रूप में कार्य करने के बाद डॉ0 नवांग छेरिंग संस्थान के प्राचार्य के पद से सेवानिवृत्ति हुए और 15 जून 2010 को डॉ0 वंगछुग दोर्जे नेगी ने प्राचार्य पद का प्रभार लिया। तदनन्तर, दिनांक 19–12–2011 को सम्पन्न हुई प्रबंधकारिणी की बैठक में प्राचार्य के पद को निदेशक के रूप में पुनर्नामकरण करने का निर्णय लिया गया। दिनांक 12–12–2014 को डॉ. वंगछुग दोर्जे नेगी ने निदेशक पद छोड़ा और निदेशक पद का प्रभार प्रो. कोनछोग वंगदु को सोंपा गया।

2. उद्देश्य : संस्थान का मूल उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा अर्थात् व्यक्तित्व को बौद्ध विचार, साहित्य, कला एवं विविध आधुनिक विषयों के ज्ञान द्वारा विकसित और सुसज्जित करना है। सम्पूर्ण हिमालयी क्षेत्रों की बौद्ध संस्कृति एवं कला की शिक्षा हेतु यह इस देश का एक अपूर्व संस्थान है। संस्थान बौद्ध दर्शन और सांस्कृतिक अध्ययन में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट कार्यक्रम चलाती है और फीडर स्कूलों का स्थापित और देखरेख करता है। उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए संस्थान ने निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किये हैं–

क. ज्ञान की शाखाओं में उत्कृष्टता एवं नवीनता की ओर ले जाने के लिए उच्च शिक्षा प्रदान करना जिन्हें मुख्य रूप से स्नातकोत्तर और शोध डिग्री के स्तर पर उपयुक्त समझा जा सके, जो विश्वविद्यालय की अवधारणा के अनुरूप हों अर्थात विश्वविद्यालय शिक्षा विवरण (1948), भारत में उच्च शिक्षा के नवीकरण, क्रियाकलाप पर समिति का विवरण (2009) और समीक्षा समिति विवरण के समवत् विश्वविद्याएँ (2009)।

ख. विश्वविद्यालय शिक्षा प्रणाली के उद्देश्य हेतु विशिष्ट सहयोग के लिए विशेष क्षेत्रों में परीक्षित योग्यता के साथ काम में लगाना है। अर्थात् शैक्षणिक काम एक सामान्य स्वभाववाले कार्यक्रमों यथा– कलाविषय, विज्ञान, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, दंत चिकित्सा की पढ़ाई, फार्मेसी तथा प्रबन्ध आदि में पारंपरिक संस्थाओं द्वारा नियमित रूप से पारंपरिक डिग्री (उपाधि) प्रदान करता है, से स्पष्ट रूप से अन्तर करने योग्य हो।

ग. ज्ञान की उन्नति तथा एक पर्याप्त पूर्णकालिक संकाय/शोधकर्ता (पीएचडी और पोस्ट डॉक्टरल) द्वारा विविध विषयों में विभिन्न शोधकार्यों के माध्यम से इस का प्रचार करने हेतु उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण तथा शोध सुविधाएं प्रदान करना है।

घ. पूर्व में बौद्ध दर्शन महाविद्यालय के नाम से जाना जाने वाला शैक्षिक संस्थान केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, चोगलमसर के विकास और प्रबंधन की देखभाल और सुसंचालन करना है।

ङ. विभिन्न कार्यकर्मों के अध्ययन तथा बौद्ध दर्शन की विविध शाखाओं एवं सांस्कृतिक अध्ययन के क्षेत्र में शोधकार्य करके उपाधि और प्रमाणपत्र प्रदान करने हेतु अनुदेश देना है।

च. शोध, प्रकाशन, जीर्णोध्दार और शिक्षा की उन्नति के लिए सुविधा प्रदान करना तथा बौद्ध दर्शन की ऐसी शाखाओं के ज्ञान का प्रसार करना जिन्हें संस्थान उचित समझें।
छ. विश्व के किसी भी भाग में स्थित शैक्षिक और अन्य संस्थानों के साथ सहयोग करना जिन के उद्देश्य इस संस्थान के उद्देश्य के समान हों। सहयोग इस प्रकार करना जिससे कि उन के समान उद्देश्यों के प्राप्ति के लिए लाभकारी हों।

ज. ऐसे सभी कार्यों को करना जो कि संस्थान के आंशिक या सम्पूर्ण उद्देश्यों को प्राप्त कराने में आवश्यक, आकस्मिक एवं लाभकारी हों।

3. प्रबंधन : संस्थान का प्रबंधन संयुक्त सचिव, संस्कृति विभाग, भारत सरकार की अध्यक्षता में गठित एक प्रबंधकारिणी के द्वारा सम्पन्न होता है। इस प्रबंधकारिणी के सदस्यों का संगठन विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, संघों, विश्वविद्यालयों तथा बौद्ध विद्वानों के प्रतिनिधियों से बना है। प्रबंधकारिणी के पुनर्गठन की पहली बैठक से लेकर सदस्यों के कार्यकाल की अवधि तीन साल है। संस्थान के निदेशक इस प्रबंधकारिणी के सदस्य–सचिव हैं। वर्तमान में इस प्रबंधकारिणी की संरचना पृष्ठ संख्या –– पर परिशिष्ट के रूप में है। इस प्रबंधकारिणी की बैठक हर छः महीनों के बाद आयोजित की जाती है। प्रबंधकारिणी के पास अधिकार का प्रयोग करने या सभी कर्तव्यों का पालन करने, कार्य करने तथा संस्था के ज्ञापन–पत्र में बताये गये उद्देश्यों को प्रभाव में लाने के लिए जो भी आवश्यक या परिणामी और आकस्मिक कार्य हों उन सब को

करने का अधिकार है। पुनरपि भारत सरकार समय–समय पर महत्वपूर्ण नीति के मामलों में निर्देश दे सकता है, जिस का अनुसरण प्रबंधकारिणी को करना होगा।

4. उप–समितियों की संरचना :
प्रबंधकारिणी के निर्देशों के समुचित पालन हेतु तथा शैक्षिक, वित्त, अनुसंधान अैर प्रकाशन आदि के मामलों में सहयोग करने के लिए अनेक उप–समितियों की संरचना की गई है। इन उप–समितियों का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है :

शिक्षा समिति : प्रबंधकारिणी द्वारा प्रख्यात पण्डितों एवं विद्वानों की एक शिक्षा समिति की संरचना की गई है। तत्सम्बन्धी क्षेत्रों में प्रबंधकारिणी को उसकी आवश्यकतानुसार सलाह देने के लिए वर्ष में एक या दो बार इस समिति की बैठक होती है। इस समिति की वर्तमान संरचना परिशिष्ट के रूप में पृष्ठ सं. –– पर है।

वित्त समिति : संस्था के स्मरण–पत्र और संस्थान के नियम एवं नियमन के अनुसार उप–सचिव (वित्तीय)/निदेशक (वित्त), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की अध्यक्षता में एक वित्त समिति की संरचना की गई है। संस्थान के निदेशक तथा प्रबंधकारिणी को संस्थान के धन–सम्पत्ति एवं वित्त से संबंधित विषयों पर सलाह देने के लिए वर्ष में एक या दो बार इस समिति का बैठक होती है। इस समिति की वर्तमान संरचना परिशिष्ट के रूप में पृष्ठ सं. –– पर है।

प्रकाशन समिति : संस्थान हिमालय की कला, संस्कृति एवं भाषा से सम्बद्ध दुर्लभ ग्रन्थों तथा पाण्डुलिपियों का प्रकाशन भी करता रहा है। इन दुर्लभ ग्रन्थों/पाण्डुलिपियों को प्रेस में भेजने से पूर्व इनके प्रकाशन की समीक्षा एवं उपादेयता प्रमाणित करने के लिए प्रकाशन समिति के समक्ष रखा जाता है। यह समिति प्रकाशन के क्षेत्र में प्रख्यात विद्वानों एवं विशेषज्ञों को जोड़कर बनी है। इस समिति की वर्तमान संरचना परिशिष्ट के रूप में पृष्ठ सं. –– पर है।

ग्रन्थालय समिति : ग्रन्थालय समिति पुस्तकालय के क्षेत्र में जानकारी प्राप्त विशेषज्ञों से बनी है और यह समिति समय–समय पर ग्रन्थालय की प्रगति एवं उत्कृष्टता के लिए सिफारिश करती है, जिसमें अतिरिक्त कर्मचारी, यंत्रों (मशीन) एवं उपकरणों, डिजिटलीकरण और सूचीपत्र आदि की आवश्यकतायें सम्मिलित हैं। इस समिति की वर्तमान संरचना परिशिष्ट के रूप में पृष्ठ सं. –– पर है।

शोध समिति : संस्थान की शोध–समिति शोधवृत्ति हेतु शोध–छात्रों का चयन करने के लिए साक्षात्कार का कार्य–संचालन करती है और शोध–छात्रों के क्रियाकलापों तथा प्रगति की समीक्षा करती है। इस समिति की वर्तमान संरचना परिशिष्ट के रूप में पृष्ठ सं. –– पर है।

5. धन : भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत संस्कृति विभाग इस संस्थान को सम्पूर्ण आर्थिक अनुदान प्रदान करता है। वर्ष 2015–16 के लिए संस्कृति मन्त्रालय, भारत सरकार ने प्रबन्धन समिति, के.बौ.वि.वि., लेह द्वारा अनुमोदित संस्थान की विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए योजनागत तथा योजनेतर मदों में क्रमशः रु 825.00 लाख एवं रु 801.00 लाख स्वीकृत किये हैं।

6. कर्मचारी संख्या : संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी तथा अन्य कर्मचारियों के सहयोग से संस्थान के निदेशक एक प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी के रूप में संस्थान का पर्यवेक्षण करते हैं। केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह के कर्मचारियों की कोटि–वार संख्या, शैक्षणिक एवं शिक्षणेतर श्रेणी का पृथक् विवरण पृष्ठ संख्या –– पर परिशिष्ट के रूप में है।

7. संकाय तथा विभाग : इस संस्थान को विश्वविद्यालय की पद्धति पर सुचारू तथा प्रभावी रूप से चलाने के लिए बौद्ध विहारों की परम्परा, पांच महाविद्याओं के आधार पर संस्थान में संकायों एवं विभागों की स्थापना की गयी है, जो निम्न है :

1. अध्यात्म तथा न्यायविद्या संकाय (Faculty of Philosophy and Logic)
2. शब्दविद्या संकाय (Faculty of Literature and Language)
3. सोवा रिगपा (भोट चिकित्सा) एवं शिल्प विद्या संकाय (Faculty of Bhot Medical Sciece and Arts)
4. आधुनिक विद्या संकाय (Faculty of Modern Studies)

इस के अतिरिक्त उक्त संकायों को इनके अध्ययन के अनुसार विभिन्न विभागों में विभाजित किया गया है, जिनका वर्णन निम्नप्रकार है :

1) अध्यात्म तथा न्यायविद्या संकाय (Faculty of Philosophy and Logic)

यह संकाय मूलशास्त्र एवं विभिन्न सम्प्रदायों की शाखाओं सहित तीन विभागों से बना है। बौद्ध विहारों की प्रणाली के अनुसार अध्यात्म तथा न्यायविद्या दो स्वतन्त्र विद्याएँ हैं, जिनके अनेक विभाग हैं, परन्तु संस्थान के पाठयक्रम की अनुकूलता के लिए इनको साथ रखा गया है। उपरोक्त संकाय के अंतर्गत निम्न विभाग हैं–

i) भोट बौद्ध दर्शन विभाग
ii) बौद्धदर्शन विभाग (संस्कृत माध्यम)

iii) सम्प्रदाय शास्त्र विभाग

2) शब्दविद्या संकाय (Faculty of Literature and Languages)

यह संकाय भाषाओं से बना है। इस संकाय के अंतर्गत निम्न विभाग हैं–

i) भोटी / तिब्बती विभाग
ii) शास्त्रीय विभाग (संस्कृत और पालि)
iii) आधुनिक भाषाओं का विभाग (अंग्रेजी और हिन्दी)

3) सोवा रिगपा (भोट चिकित्सा) एवं शिल्पविद्या संकाय (Faculty of Bhot Medical Sciece and Arts)

संस्थान हिमालय की परम्परागत कला तथा संस्कृति को संरक्षण देने और उन्नत करने में अत्यधिक रुचि ले रहा है। तदनुसार इस क्षेत्र की कला तथा संस्कृति को संरक्षित एवं उन्नत करने हेतु निम्न विभागों की स्थापना की गई है :

i) **सोवा रिगपा तथा ज्योतिष विभाग :** रोगियों को जड़ी–बूटियों से निर्मित औषधियाँ उपलब्ध कराना इस क्षेत्र की सैकड़ों वर्ष से चली आ रही प्राचीन परम्परा है। इस प्रदेश में जब ऐलोपेथिक दवा नहीं थी, उस समय अमची विद्या (भोट चिकित्सा) ही अधिक प्रसिद्ध थी। वर्तमान समय में भी इस प्रदेश के लोग अमची (भोट चिकित्सा) को सर्वाधिक उपयोगी मानते हैं, क्योंकि इससे दुष्प्रभाव नहीं होते हैं। इन्हीं कारणों के चलते लोग इसे पसन्द करते हैं। उक्त बातों को ध्यान में रखकर संस्थान इच्छुक विद्यार्थियों को अमची (भोट चिकित्सा विद्या) की शिक्षा प्रदान कर रहा है। बारहवीं उत्तीर्ण विद्यार्थी, जिन्हें भोटी भाषा का पर्याप्त ज्ञान है, केवल उन्हें ही छः वर्ष के अमची (भोट चिकित्सा विद्या) पाठ्यक्रम के लिए उपयुक्त विद्यार्थी माना जाता है। ऐसे अनेक विद्यार्थी हैं, जिन्हें उक्त उपाधि प्राप्त हुई है और वे आज व्यक्तिगत एवं सरकारी पदों पर अमची कार्य कर रहे हैं।

ii) **हिमालय के कला और शिल्प :**

क) पारम्परिक थंका/चित्रकला विभाग : चित्रकला इस क्षेत्र में बहुत प्रसिद्ध है। लदाख के बौद्ध विहारों में यह कला अत्यन्त प्रसिद्ध है, जिनमें विभिन्न प्रकार के थंका–चित्र एवं भित्ति–चित्र दिखाई पड़ते हैं। अलची विहार के भित्ति–चित्र तथा हेमिस एवं लामायुरु गोनपा के थंका–चित्र बहुत प्रसिद्ध हैं। इन विहारों में कुछ थंकाएँ हज़ारों वर्ष पुरानी हैं, जिनका आज भी दर्शन किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त यहां के प्रत्येक गांव में एक गोनपा अवश्य दिखाई पड़ता है, जिसमें थंकाओं, भित्ति–चित्रों एवं मूर्तियों का अपार भण्डार है। गर्मी के समय में दुनियाँ भर से पर्यटक लदाख में स्थित थंकाओं, भित्ति–चित्रों, मूर्तियों तथा अन्य धार्मिक वस्तुओं से सुसज्जित बौद्ध विहारों का दर्शन करने आते हैं। संस्थान ने विद्यार्थियों के प्रशिक्षणार्थ भोटी चित्रकला

पाठ्यक्रम की व्यवस्था कर रखी है। थंका बनाने की सदियों पुराने परम्परा को जीवित रखने के लिए अनेक विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

ख) पारम्परिक मूर्ति–कला विभाग : लदाख क्षेत्र में मिट्टी से मूर्तियों तथा मुखौटों का निर्माण करना एक सामान्य बात है। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है कि यहां के बौद्ध विहार मूर्तियों एवं मुखौटों से परिपूर्ण हैं। यहां के प्रत्येक विहार में विशेष तिथि पर धार्मिक त्यौहार अर्थात् गुस्तोर/दोस्मोछे/छे–चु मनाये जाते हैं। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के बुद्धों, बोधिसत्वों, इष्टदेवों आदि की वेश–भूषा एवं मुखौटा धारण कर मुखौटा–नृत्य जो छमस् के रूप में प्रसिद्ध है, का प्रदर्शन किया जाता है। संस्थान ने विद्यार्थियों को बुद्धों, बोधिसत्वों, देवी–देवताओं, इष्टदेवों आदि की मूर्तियों के निर्माण हेतु कला के प्रशिक्षणार्थ व्यवस्था कर रखी है। इच्छुक विद्यार्थी, जो दसवीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुके है, उन्हें छः वर्ष का मूर्तिकला प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। वर्तमान में अनेक विद्यार्थी मूर्ति एवं मुखौटा निर्माण कला के अन्तर्गत प्रशिक्षण ले रहे हैं।

ग) पारम्परिक काष्ठकला विभाग : प्राचीन काल में लदाख में पुस्तकों के प्रकाशन हेतु कोई मुद्रण यन्त्र उपलब्ध नहीं था। ऐसी स्थिति में लोग लकड़ी के ब्लॉकों से धार्मिक ग्रन्थों या अन्यान्य ग्रन्थों की प्रतिलिपि प्राप्त कर लेते थे। धार्मिकग्रन्थों की लिपियां विशेषकर कठोर लकड़ी के ब्लॉक पर नियमित रूप से खोदी जाती हैं, जिससे बाद में पढ़ने के लिए किसी कागज़ पर छपायी की जा सके। एक बार किसी लकड़ी के ब्लॉक पर खुदाई हो जाने पर ज़ेरक्स मशीन की तरह उससे हज़ारों बार प्रतिलिपियां निकाली जा सकती है। प्राचीन काल में लदाख में यह कला अत्यन्त प्रसिद्ध थी। यहाँ बौद्धविहारों एवं बौद्ध गृहों के छत पर पाँच रंगों की पताकायें फहराने की परम्परा है, जिन्हें दरचोग के नाम से जाना जाता है और मुख्य द्वारों पर बड़ी लम्बी पताका फहरायी जाती हैं जो दरछेन कहलाती हैं। कपड़े की पताकाओं पर लकड़ी के ब्लॉकों से सूत्रपाठ, मन्त्र, लुङ्ता एवं ग्यलछ़न चेमो (द्वजाग्र) छापे जाते हैं, जो आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक हैं। उक्त काष्ठकला के निरन्तर संरक्षण के उद्देश्य से संस्थान ने एक छः वर्षीय काष्ठकला पाठ्यक्रम की व्यवस्था कर रखी है। यहाँ छात्र लकड़ी के ब्लॉक के निर्माण के अतिरिक्त साज–सज्जा वस्तु, यथा– ड्रेगन, पक्षी, सिंह, घोड़ा आदि जन्तुओं एवं अन्य वस्तुओं की निर्माण कला का भी प्रशिक्षण लेते हैं। लदाख क्षेत्र में यह अत्यन्त प्रसिद्ध है और व्यक्ति अपनी जीविका के लिए इसे अच्छा क्षेत्र मानता हैं।

4) आधुनिक विद्या संकाय (Faculty of Modern Studies)

इस संकाय के अर्न्तगत तीन विभाग हैं जो निम्न प्रकार हैं :

i) बौद्ध पुराणेतिहास विभाग
ii) तुलनात्मक दर्शन विभाग
iii) सामाजिक विज्ञान विभाग

8. नवीन प्रवेश :

संस्थान के निर्धारित प्रवेश के नियमों के अन्तर्गत प्रवेश समिति द्वारा साक्षात्कार के आधार पर छात्रों को कक्षा 6 से 9 तक में प्रवेश दिया जाता है। संस्थान के शाखा गोनपा विद्यालयों के छात्रों को संस्थान में सीधे प्रवेश दिया जाता है। संस्थान के छः वर्षीय पाठ्यक्रम वाले अमची, तिब्बती थंका चित्रकला, मूर्तिकला तथा काष्ठ कला में भी सीट की उपलब्धता के आधार पर प्रवेश दिया जाता है। वर्तमान सत्र के दौरान प्रस्तुत विवरण के अनुसार व्यावसायिक कक्षाओं के साथ सभी कक्षाओं में कुल 110 नये छात्रों को प्रवेश दिया गया।

9. परिसंवाद गोष्ठी/संगोष्ठी/कार्यशाला :

(क) प्राप्त विवरण के अनुसार वर्तमान सत्र के दौरान संस्थान ने दिनांक 11–07–2015 से लेकर 14–07–2015 तक " बौद्ध महायान के सक्या समप्रदाय के विशिष्ट दृष्टि, भावना एवं चर्या" विषय पर भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों, बौद्ध महाविहारों एवं संस्थाओं से विद्वानों को आमन्त्रित कर चार दिवसीय अखिल भारतीय संगोष्ठी का आयोजन आचार्य नागार्जुन सभाभवन में किया। इस संगोष्ठी का उद्घाटन बौद्ध महायान के सक्या सम्प्रदाय के परम पूज्य सक्या ठीज़िन रिनपोछे जी ने किया। इस अवसर पर परम श्रद्धेय तोगदन रिनपोछे और लोदीङ खनरिनपोछे जी भी उद्घाटन समारोह में उपस्थित थे। भारतवर्ष के विभिन्न विश्वविद्यालयों, संस्थाओं एवं विहारों से पधारे विद्वानों ने इस परिसंवाद गोष्ठी में भाग लिया और अपने शोधपत्र/निबन्ध प्रस्तुत किये। इनके अतिरिक्त इस परिसंवाद गोष्ठी में अनेक लदाख के स्थानीय विद्वानों ने भी भाग लिया। परिसंवाद गोष्ठी में प्रस्तुत किये गये शोधपत्रों/निबन्धों को ''लद्दाख प्रभा'' शीर्षक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जाता है। इस संगोष्ठी के समापन समारोह का संचालन केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह के भूतपूर्व प्राचार्य डॉ. नवांग छेरिङ जी ने किया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ विद्यार्थियों ने एक रंगा रंग सांस्कृतिक कार्य क्रम प्रस्तुत किया।

(ख) संस्थान ने दिनांक 1 सितम्बर से 2 सितम्बर 2015 तक ''पांडुलिपि के निवारक और उपचारात्मक संरक्षण'' विषय पर दो दिन के लिए वर्कशाप आयोजित की। राष्ट्रीय पांडुलिपि शिष्टमण्ड़ल ने उक्त कार्यशाला के लिए निधि उपलब्ध करायी इस दौरान एम.आर.सी./एम.सी. सी. के विद्वानों तथा लदाख के विभिन्न गोनपाओं के विद्वानों ने भाग लिया। इस में व्याख्यान देने के लिए और संरक्षण की कला का प्रदर्शन करने के लिए राज्य अभिलेख और अनेक निजी एन.जी.ओ. के विशेषज्ञों को आमन्त्रित किया। यह दल ने व्यावहारिक उद्देश्य के लिए हेमीस गोनपा, चेमडे गोनपा और माठो गोनपा भी गया।

(ग) दिनांक 8 सितम्बर 2015 को संस्थान ने एल.एन.पी. लेह के सहयोग से यूनिसेफ के संरक्षण के तहत ''शिशु संरक्षण के विषय पर परामर्श सह–संवेदीकरण'' विषय पर एक दिन की वर्कशाप आयोजित की गई। यूनिसेफ के दो प्रतिनिधि श्रीमती वंदना खनधारी और श्री हिलाल भट्ट इस वर्कशाप में उपस्थित थे और उन्होंने अपने विचारों को व्यक्त किया। इस में 15 गोनपाओं के प्रतिनिधियाँ और बच्चों के विषयों से सम्बन्धित भिक्षुओं सहित गोनपा/श्रामणेरी विद्यालय के 15 अध्यापकों ने भाग लिया। इस अवसर पर यूनिसेफ के प्रतिनिधियों ने एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति का प्रदर्शन किया।

(घ) संस्थान के पाठ्यक्रमों में संशोधन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए और अर्द्धवार्षिक पाठ्क्रम (सेमेस्टर) प्रणाली को प्रारंभ करने के उद्देश्य से संस्थान ने ''पाठ्यक्रमः इस की रूपरेखा, कार्यान्वयन और प्रभाव'' विषय पर चार दिन की वर्कशाप का आयोजन किया जिस के लिए संस्थान ने दो विशेषज्ञ महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के प्रो.एम.के.दास और केन्द्रीय तिब्बती अध्ययन विश्वविद्याय, सारनाथ के प्रो. टशी छेरिङ को आमंत्रित किया। सभी संकाय के सदस्यों को इस वर्कशाप में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने तथा भाग लेने के लिए निर्देश दिया ताकि एक व्यापक पाठ्यक्रम को विकसित कर सकें। इस वर्कशाप का आयोजन दिनांक 3–11–2015 से 6–11–2015 तक किया गया क्योंकि इस दौरान सभी विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा तैयारी की छुट्टी पर थे। यह कार्यशाला बहुत ही सफल रही।

(ङ) दो दिन की कार्यशाला/प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गोनपा/श्रामणेरी विद्यालय के अध्यापकों
के लिए किया गया। इस अवसर पर राज्यसरकार शिक्षा विभाग के विशेषज्ञ, के.बौ.वि.सं. के विद्वान, विद्यालय प्रशासन/प्रबन्ध के विशषज्ञों ने व्याख्यान दिया और शिक्षण में सहायक साधनों के प्रयोग का प्रदर्शन किया। इस कार्यशाला की विषय–वस्तु आधुनिक शिक्षण प्रणालीविज्ञान और विद्यालय प्रशासन/प्रबन्ध है। 70 गोनपा/श्रामणेरी विद्यालय के अध्यापकों ने इस कार्यशाला में सक्रिया रूप से भाग लिया तथा उन्होंने व्यावहारिक समस्याओं को प्रस्तुत किया जिनके लिए विशेषज्ञों ने विभिन्न समाधानों का सुझाव दिया।
(च) दिनांक 2 जून, 2015 को ''तथागत बुद्ध और उनका उपदेश'' विषय पर तिब्बती पंचांग के अनुसार बुद्ध जयंती उत्सव की पूर्व संध्या पर एक दिन की स्थानीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छः विद्वानों ने अपने बहुमूल्य पत्र प्रस्तुत किये और उन पर प्रश्नोत्तर भी हुआ। उक्त संगोष्ठी में के.बौ.वि.सं. लेह के संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों के अतिरिक्त सामान्य जनता ने भी भाग लिये।

10. शैक्षिक यात्रा : संस्थान के उत्तर मध्यमा द्वितीय, शास्त्री तृतीय, आचार्य द्वितीय वर्ष, शिल्पकला, थंका चित्रकला तथा काष्ठकला कक्षा के 50 छात्रों का एक दल जनवरी 2016 में

36 दिनों के लिए शैक्षिक यात्रा (भारत दर्शन) के लिए भेजा गया। इस दल ने दिल्ली, कोलकाता, भुवनेश्वर, मैसूर, चेन्नई, पांड़िचेरी, बैंगलोरू, मुंबई, औरंगाबाद आदि का भ्रमण किया। शैक्षिक यात्रा का आयोजन संस्थान के खनपो कोनछोग शेडुब, प्राध्यापक और श्री छेरिङ छोलदन, प्राध्यापक के नेतृत्व में किया गया। उक्त यात्रा का उद्देश्य छात्रों को देश की ऐतिहासिक, औद्योगिक, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराना तथा उनमें राष्ट्रीय एकता की भावना उत्पन्न करना है।

कनिष्ठ कक्षा के विद्यार्थियों को स्थानीय शैक्षिक यात्रा (लदाख दर्शन) के अन्तर्गत नुबरा घाटी में 5 दिन के लिए संस्थान के तीन अध्यापकों के नेतृत्व में ले जाया गया था। उक्त यात्रा में पूर्वमध्यमा द्वितीय कक्षा के कुल 95 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने उस क्षेत्र के ऐतिहासिक स्थल, विहार, झील आदि का दर्शन किया। इस प्रकार संस्थान ने इन शैक्षिक यात्राओं के संचालन पर रु. 6.15 लाख रूपये व्यय किये।

उपरोक्त शैक्षिक यात्राओं के अतिरिक्त 20 अमची छात्रों के दल ने अमची प्राध्यापक के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में अगस्त 2015 में 7 दिन के लिए करगील ज़िले के सापीय का भ्रमण किया। इस यात्रा का उद्देश्य अमची पद्धति से औषधि बनाने के लिए विभिन्न आयुर्वेदिक जड़ी–बूटियों की पहचान कराना है। इसके लिए उन्होंने विविध प्रकार की जड़ी–बूटियों का संग्रह करके प्रदर्शन किया। उन जड़ी–बूटियों के नमूनों को अलबम में सुरक्षित रखा गया है। भ्रमण के दौरान कच्चे द्रव्यों को जमा करते हुए अनेक प्रकार की जड़ी बूटियों की पहचान की गयी। संस्थान के अमची विभाग ने इस वर्ष के दौरान प्रायोगिक कक्षा के द्वारा विभिन्न अमची औषधियाँ स्वयं बनायीं, जिनमें चूर्ण, गोली और अर्क सम्मिलित हैं। प्राप्त विवरण के अनुसार सत्र के दौरान उन औषधियों को रोगियों के लिए निःशुल्क मुहैया कराया गया।

11. प्रकाशन : संस्थान ने अब तक विभिन्न विषयों पर 85 दुर्लभ एवं महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का प्रकाशन किया है जिनमें अखिल भारतीय परिसंवाद गोष्ठी का निबन्ध संकलन (लदाख–प्रभा) का प्रकाशन सम्मिलित है। वर्ष 2015–16 के दौरान संस्थान ने परम पूज्य तोकदन रिनपो द्वारा विरचित 'लदाख का इतिहास', 'जंस्कार की सांस्कृतिक विरासत', 'तिब्बती पर्याय का शब्दकोश', भोटी में 'धर्मपद' तथा श्री टशी रबग्यस द्वारा विरचित हिन्दी में 'लदाख का इतिहास' पांच ग्रन्थों का प्रकाशन किया।

12. शोध कार्य : संस्थान ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की पद्धति पर बौद्ध धर्म तथा चार भोट बौद्ध सम्प्रदायों पर शोध हेतु चार शोधवृत्तियों की व्यवस्था की है। अभी तक संस्थान के नौ शोध छात्रों को पी–एच॰ डी॰ (विद्यावारिधि) की उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है। 13 मार्च 2015 को आयोजित प्रबंधकारिणी के बैठक में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के समान शोधवृत्तियों की संख्या चार से आठ तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

13. परिसर : यह संस्थान लेह शहर के दक्षिण की ओर आठ किलोमीटर दूर चोगलमसर में सिंधु नदी के तट पर स्थित है। इसके दो परिसर हैं–नया और पुराना परिसर। पुराना परिसर 23 कनाल के क्षेत्र फल में स्थित है। इसमें कक्षा 6 से 8 तक के कुल 167 कनिष्ठ छात्रों के लिए कक्षाऐं चलायी जाती हैं। यह विद्यालय प्रशिक्षित स्नातक (टी.जी.टी.) तथा अन्य कर्मचारियों के सहयोग से एक प्रधान अध्यापक के प्रभार में चलाया जाता है। इसमें शैक्षिक विभाग, एक छोटा सभाभवन, कार्यालय तथा बच्चों के लिए पुस्तकालय हैं। पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र, पाण्डुलिपि संसाधन केन्द्र जैसी संस्थान की कुछ परियोजनाएँ पुराने परिसर में कार्यरत हैं।

नया परिसर पुराने परिसर से आधा किलोमीटर दूरी पर स्थित है। इस में संस्थान का पृथक् कक्षा–भवन, प्रशासनिक भवन, पुस्तकालय तथा तीन छात्रावास, हैं जिनमें सौ–सौ विद्यार्थियों के रहने की क्षमता है, जो भिक्षुओं, छात्रों तथा छात्राओं को रहने के लिए अलग–अलग दिये गये हैं। नये परिसर में 60 कर्मचारी आवास हैं और एक अतिथि भवन है, जिसमें 20 अतिथि रुक सकते हैं। इसी प्रकार नये परिसर में एक खेल–मैदान है, जो दर्शकों के बैठने की जगह, प्रसाधन कक्ष, भण्डार आदि सुविधाओं से युक्त है। संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों को चलाने के लिए 700 लोगों के बैठने की क्षमता वाला एक सभाभवन है। दार्शनिक वादविवाद भवन, विद्यार्थियों के मनोरंजन केन्द्र अपनी गतिविधियों को करने के लिए सुलभ है।

14. पुस्तकालय : संस्थान का महत्वपूर्ण अंग इसका पुस्तकालय है, छात्र एवं अध्यापक ही नहीं अपितु संस्थान के अन्य सदस्य भी सूचना एवं ज्ञान की प्राप्ति हेतु इस पर निर्भर रहते हैं। बड़ी संख्या में देशी एवं विदेशी पर्यटक भी इस पुस्तकालय में आते रहते हैं। संस्थान के पुस्तकालय को नये परिसर में स्थानान्तरित कर लिया गया है, जिसके लिए तीन मंज़िला पृथक् भवन बना है। पुस्तकालय को 'स्लिम थुमी सॉफ़्टवेअॅर' लगाकर 'कॅम्प्यूटाराइज' किया गया है। इस पुस्तकालय में तीन विभाग हैं– (1) सामान्य विभाग, (2) भोट अथवा सुंगबुम विभाग और (3) सन्दर्भ विभाग। इस पुस्तकालय में कुल 32,242 ग्रन्थ, भोटी, अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, पालि तथा उर्दू भाषाओं में धार्मिक, ऐतिहासिक, दार्शनिक, काव्य एवं सामाजिक विषयों पर उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में विश्वकोश, शब्दकोश तथा वार्षिक ग्रन्थों का संग्रह भी है। प्राप्त विवरण के अनुसार इस सत्र के दौरान संस्थान ने रू0 3.22 लाख की कुल 824 पुस्तकें क्रय की गयीं। पुस्तकालय 22 भारतीय एवं विदेशी शोध पत्रिका/समसामयिक पत्रिकाओं का ग्राहक बना। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की भाषाओं में अन्य 20 प्रकार की पत्रिकायें क्रय की गईं हैं। विद्याथियों एवं पाठकों की रूचि को ध्यान में रखते हुए पुस्तकालय 08 प्रकार के समाचारपत्रों का भी क्रय करता है।

15. संग्रहालय : संस्थान ने एक छोटा पुरातात्विक संग्रहालय स्थापित किया है। विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों से प्राप्त पुरातात्विक अवशेषों का संचय कर इस संग्रहालय में स्थापित किया गया है। इस संग्रहालय में लदाख की बौद्ध कलाकृतियों, चित्रों और छायाचित्रों के साथ–साथ

विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों के पुरातात्विक अवशेषों के नमूने संरक्षित किये गये हैं। लदाख में यह अपने ढंग का एक अनूठा संग्रहालय है, जो प्रति वर्ष यहाँ बड़ी संख्या में आने वाले देशी एवं विदेशी पर्यटकों और शोधकर्ताओं को आकर्षित करता है।

16. विशेष व्याख्यान/अन्य शैक्षिक क्रियाकलाप :

(क) स्व॰ ग्यल–स्रस बकुला रिनपोछे व्याख्यान माला :

स्व॰ कुशोक बकुला रिनपोछे लदाख के एक प्रकाण्ड विद्वान् एवं समाज–सुधारक थे। उन्होंने लदाख के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन इस प्रदेश की गरीब एवं ज़रुरतमंद जनता के कल्याण एवं निर्धनता के उन्मूलन में लगाया। जम्मू–कश्मीर सरकार के मन्त्रिमण्डल में उनका एक विशेष राजनीतिक पद होने के अतिरिक्त वे भारत की लोकसभा के सदस्य तथा मंगोलिया में भारत के राजदूत भी रहे। उनकी सामाजिक सेवा के आधार पर भारत सरकार ने उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया। उनके प्रयासों से ही सन् 1959 में इस प्रदेश की बहुमूल्य सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं विकासार्थ इस केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान की स्थापना हुई, जो पहले बौद्ध दर्शन विद्यालय के रूप में जाना जाता था। केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह की प्रबन्ध समिति ने दिनांक 27–02–2004 की अपनी बैठक में उनकी स्मृति में एक विशेष व्याख्यान माला प्रारम्भ करने का निर्णय लिया। प्राप्त विवरण के अनुसार इस वर्ष दिनांक 1–12–15 से 3–12–2015 तक 11 व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इसके लिए संस्थान ने प्रो. नवंग समतन, कुलपति, केन्द्रीय तिब्बती अध्ययन विश्वविद्यालय, सारनाथ को आमंत्रित किया। उन्होंने अपना व्याख्यान एक विशेष विषय 'विश्वविद्यालयों में शिक्षा एवं प्रशासन प्रणाली' पर दिया। दूसरा व्याख्यान दिनांक 2–12–2015 को ''बौद्धधर्म और विज्ञान'' विषय पर दिया जिस में संस्थान के कर्मचारी और विद्यार्थियों ने भाग लिया। तीसरा व्याख्यान दिनांक 3–12–2015 को लेह के जोखङ विहार में ''लमचो नमसुम'' विषय पर दिया, जिस में संस्थान के कर्मचारी, विद्यार्थियों तथा बड़ी संख्या में सामान्य जनता ने भाग लिया।

(ख) संयुक्त कार्यक्रम : दिनांक 1–8–2015 को सामाजिक कार्यों में कार्यरत लदाख के बौद्धों तथा के. बौ. वि.सं. लेह ने संयुक्त रूप से एक दिन की ''विश्वव्यापी वैकल्पिक सभा'' का आयोजन किया। इस में संस्थान के विद्यार्थियों के अतिरिक्त लेह जिला के सरकारी विद्यालयों तथा निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जापान तथा डेनमार्क के विद्वानों ने उक्त विषय पर व्याख्यान दिया तथा एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति का प्रदर्शन भी किया। व्याख्यान कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों की समूह परिचर्चा का भी आयोजन किया गया।

(ग) भोटी दिवस : संस्थान ने दिनांक 24–9–15 को भोटी दिवस मनाया। प्रथम सत्र के दौरान विद्वानों ने इस क्षेत्र में भोटी के प्रयोग तथा भोटी के शिक्षण की आवश्यकता और वर्तमान में भोटी की परिस्थिति पर भाषण दिया। द्वितीय सत्र में विविध विद्यालयों के विद्यर्थियों ने भोटी में कवितायें प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर छात्रों ने एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और भोटी में एक नाटक का प्रदर्शन किया। श्रेष्ठ कविता पाठ करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

(घ) दवाईयों की सुविधा : संस्थान में एक अपना दवाखाना है, जहाँ से विद्यार्थी, अध्यापक एवं कर्मचारियों को दवाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके लिए एक अस्थायी डॉक्टर की नियुक्ति की गयी है जो एक दिन के अन्तर पर यहाँ आते हैं। एक परिचारिका एवं एक सहपरिचारिका उक्त डॉक्टर की सहायता करती हैं। यह दवाखाना अध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों के लिए अत्यन्त लाभदायक है। सत्र के दौरान संस्थान ने रु 1.23 लाख के दवाईयाँ खरीदकर विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए विद्यार्थी एवं कर्मचारियों को दीं।

(ङ) वार्षिक क्रीड़ा–प्रतियोगिता : खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए संस्थान ने गत वर्ष 24 सितम्बर से 1 अक्तूबर 2015 तक आठ दिवसीय वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन कराया, जिसके अंतर्गत अनेक प्रकार के खेल–कूदों की गतिविधियों का प्रबंध किया गया। क्रीड़ाप्रतियोगिता तीन सदनों, यथा– नालन्दा, विक्रमशिला एवं तक्षशिला में कराई जाती है। इस में संकाय सदस्य और विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और सफलतापूर्वक कार्यक्रम को समाप्त कराया। इन में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले तथा विजेताओं को वार्षिकोत्सव के दौरान पुरस्कारों एवं प्रमाणपत्रों से सम्मानित किया गया।

(च) वार्षिक पत्रिका : संस्थान 'रिगपे दुद्चि़' नामक एक वार्षिक पत्रिका तथा 'लोमे गछ़ल' और 'ग्रीन ग्रोव' नामक दो मासिक समाचार–पत्रक क्रमशः भोटी और अंग्रेजी में प्रकाशित करता है जिनमें संस्थान के अध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी विभिन्न विषयों पर अपना लेख प्रस्तुत करते हैं। विगत वर्ष में संस्थान के अध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न क्रिया–कलापों में प्राप्त किये गये चित्रों को इन में विशेष रूप से प्रकाशित किया। यह सम्पूर्ण रूप से एक सांस्थानिक पत्रिका है एवं इसमें पूर्ण रूप से संस्थान के स्वरूप तथा उद्देश्य को ही सम्मिलित किया जाता है।

17. पाठ्यक्रम : प्रारम्भ में संस्थान में एक दस वर्षीय पाठ्यक्रम प्रचलित था जिसके अन्तर्गत हिन्दी, संस्कृत, बौद्ध दर्शन एवं भोटी भाषा की पढ़ाई होती थी। सन् 1973 में संस्थान, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, उत्तर प्रदेश से सम्बद्ध हुआ तथा संस्थान के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए, सीमान्त प्रदेशीय छात्रों की आवश्यकतानुसार एक विशेष पाठ्यक्रम तैयार किया गया। पाठ्यक्रम पर समय–समय पर पुनर्विचार करने के लिए

विश्वविद्यालय ने एक अध्ययन समिति गठित की है। पाठ्यक्रम की समीक्षा तथा नये पाठ्यक्रम को लागू करने आदि के लिए समिति की बैठक वर्ष में एक बार होती है।

संस्थान के पाठ्यक्रम में संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी, भोट साहित्य एवं बौद्ध दर्शन अनिवार्य विषय हैं। राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, पालि, इतिहास, तुलनात्मक दर्शन, अमची/तिब्बती चिकित्साविद्या, काष्ठकला, शिल्पकला तथा चित्रकला वैकल्पिक विषय के रूप में हैं। विश्वविद्यालय द्वारा गठित अध्ययन समिति के अनुमोदन पर संस्थान के पाठ्यक्रम को सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी ने स्वीकृत किया है।

सन् 1984 ई0 से जम्मू तथा कश्मीर विश्वविद्यालयों एवं राज्य विद्यालय शिक्षा समिति ने सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के प्रमाणपत्रों को पारस्परिक आदान–प्रदान के रूप में मान्यता प्रदान करते हुए निम्नलिखित परीक्षाओं से समकक्षता प्रदान की है–

1.	पूर्वमध्यमा	मैट्रिक (हाई स्कूल)
2.	उत्तर मध्यमा	उच्चतर माध्यमिक (भाग–2)
3.	शास्त्री अंग्रेजी के साथ	बी॰ए॰ (स्नातक)
4.	आचार्य	एम॰ए॰ (स्नातकोत्तर)

प्राप्त विवरण के अनुसार सत्र के दौरान संस्थान ने तिब्बत के महायान सम्प्रदाय शास्त्रों को अनिवार्य वैकल्पिक विषय के रूप में कक्षा शास्त्री और आचार्य के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया है। इस कार्य का विभाग के सदस्यों, विद्यार्थियों तथा लदाख के अन्य विद्वानों ने स्वागत किया है।

18. छात्रवृत्ति : संस्थान में अध्ययनरत छात्रों में से कुल 625 छात्रों पर 685.00 रूपये से 845.00 रूपये के बीच प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति के रूप में वर्ष 2015–2016 के दौरान कुल 65.35 लाख रूपये खर्च किये गये।

इस के अतिरिक्त रु.77.48 लाख लदाख क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश के लाहुल व स्पीति घाटी और जम्मू और कश्मीर के अन्य भागों में स्थित 50 गोनपा/श्रामणेरी विद्यालय के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान किये गये।

19. विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक एवं कापियों का निःशुल्क वितरण : संस्थान में तथा इस के फीडर गोनपा/श्रामणेरी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी लदाख के सबसे पिछड़े और दूरदराज क्षेत्रों से हैं और वे जनजाजि अनुसूची के हैं। तदनुसार, संस्थान ने ट्रिब्यूनल उप–योजना के अन्तर्गत, संस्थान के सभी विद्यार्थियों के लिए पाठ्य पुस्तक एवं उत्तरपुस्तिकाओं का निःशुल्क वितरण करने की व्यवस्था की है। प्राप्त विवरण के अनुसार इस वर्ष के दौरान संस्थान ने 14.30

लाख रुपये की पाठ्यपुस्तकें एवं उत्तरपुस्तिकायें खरीदीं और केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान तथा इस क्षेत्र के विभिन्न भागों में स्थित शाखा विद्यालयों एवं फीडर गोनपा/श्रामणेरिका विद्यालयों के विद्यार्थियों में निःशुल्क वितरित कीं।

20. परीक्षा परिणाम : संस्थान की कक्षा छठी से आठवीं तक की परीक्षाएँ संस्थान द्वारा आयोजित की गईं जबकि पूर्वमध्यमा से आचार्य तक की परीक्षाएँ सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा संचालित की गईं। सम्पूर्ण परीक्षा परिणाम 83.33% प्रतिशत रहा। वर्ष 2015–16 सत्र के अन्तर्गत प्रत्येक कक्षा की परीक्षाओं के परिणाम का विवरण पृष्ठ संख्या –– पर परिशिष्ट के रूप में है।

कनिष्ठ छात्रों के शैक्षणिक स्तर को सुधारने के लिए प्रति वर्ष मई, अगस्त और नवम्बर में क्रमशः त्रैमासिक, अर्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षाएँ आयोजित करने के लिए संस्थान द्वारा आवश्यक प्रबंध किये गये हैं।

21. गोनपा/श्रामणेरी विद्यालय : अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु यह संस्थान विभिन्न गोनपाओं में 50 गोनपा/श्रामणेरी विद्यालय चला रहा है जो इस प्रदेश में अत्यन्त प्रसिद्ध हैं। ये विद्यालय सम्बन्धित गोनपाओं के सहयोग से चलाये जा रहे हैं। तदनुसार उक्त गोनपा कक्षाओं एवं छात्रावास की सुविधाओं के साथ–साथ धार्मिक क्रियकलापों की शिक्षा प्रदान करते हैं। संस्थान की ओर से प्रवेश प्राप्त छात्रों की संख्या के आधार पर विद्यार्थियों के लिए एक से तीन शिक्षकों की व्यवस्था की जाती है। इसके अतिरिक्त साज–सामान, लेखन–सामग्री, पाठ्यपुस्तक एवं कापी और प्रत्येक विद्यार्थी के लिए छात्रवृत्ति की व्यवस्था की जाती है। संस्थान द्वारा नियुक्त शिक्षक विद्यार्थियों को गोनपा–विषयक शिक्षा के साथ–साथ अन्य आधुनिक विषयों, जैसे – भोटी भाषा, हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान आदि की शिक्षा प्रदान करते हैं। प्राप्त विवरण के अनुसार विगत वर्ष लदाख के विभिन्न गोनपाओं में स्थापित 50 गोनपा/श्रामणेरी विद्यालयों में कुल 903 विद्यार्थी अध्ययनरत थे। वर्ष 2015–16 के विद्यार्थियों के नामांकन का विवरण विद्यालयवत् एवं कक्षावार पृष्ठ संख्या –– पर परिशिष्ट के रूप में है।

22. वार्षिकोत्सवः संस्थान के 56 वें वार्षिकोत्सव का आयोजन 23 अक्टूबर 2015 को संस्थान के सभागार में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस उत्सव में संस्थान की परीक्षाओं में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले तथा संस्थान की विभिन्न प्रतियोगिताओं, यथा – निबंध प्रतियोगिता, कविता–आवृति प्रतियोगिता, व्याख्यान प्रतियोगिता, खेलकूद गतिविधि, सांस्कृतिक गतिविधि, प्रश्नमंच इत्यादि में भाग लेने वाले विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। हिमालय क्षेत्र के महान विद्वान श्री टशी रबग्यस जी उक्त समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान थे, उन्होंने प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये। इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया। संस्थान के अध्यापकों, कर्मचारियों

एवं विद्यार्थियों के अतिरिक्त लदाख के अनेक विद्वान एवं अतिथि भी उक्त समारोह में उपस्थित थे। यह समारोह राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ।

23. अन्य महत्वपूर्ण घटनायें :

प्राप्त विवरण के अनुसार विगत वर्ष संस्थान में निम्नलिखित उत्सव एवं क्रियाकलापों का बड़े उत्साह के साथ आयोजन किया गया:

(क) भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म–दिवस :

दिनांक 14 अप्रैल 2015 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 124 वीं जयन्ती मनाई गई। अनेक विद्वानों एवं विद्यार्थियों ने इस समारोह में भाग लिया और उनकी जीवनी एवं उपलब्धि पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच निबंध और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रो. कोनछोग वंगदुस, निदेशक केन्द्रीय बौद्ध विद्यालय संस्थान इस समारोह में सभापति के रूप में उपस्थित थे।

(ख) डॉ. राधाकृष्णन की जयन्ती, अध्यापक दिवस : संस्थान ने दिनांक 5 सितम्बर 2015 को भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन की जयन्ती अध्यापक दिवस के रूप में मनाई। इस अवसर पर अध्यापकों तथा विद्यार्थियों ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अध्यापकों ने विद्यार्थियों द्वारा डॉ. राधाकृष्णन की सिद्धान्तों एवं विचारों का अनुसरण करने तथा अपने जीवन में कार्यान्वित करने के लिए बल दिया।

(ग) हिन्दी दिवस : संस्थान ने दिनांक 14 सितम्बर, 2015 को हिन्दी दिवस मनाया, जिस में हिन्दी में विभिन्न प्रकार की साहित्यिक प्रतियोगितायों का संचालन किया गया, जैसे निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता तथा व्याख्यान प्रतियोगिता आदि। इस में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस के अतिरिक्त विद्वानों ने हिन्दी भाषा के महत्त्व पर व्याख्यान दिया।

(घ) बुम (भगवान बुद्ध के प्रवचन) का पाठ : संस्थान ने दिनांक 10 से 04 जुलाई 2015 को विश्व के सभी प्राणियों की शान्ति एवं उन्नति के लिए भुम (भगवान बुद्ध के प्रवचन) पाठ आयोजन किया जिसमें संस्थान के सभी कर्मचारी और विद्यार्थी सम्मिलित हुए और जिसका प्रबन्ध संस्थान के सभी कर्मचारी और विद्यार्थियों से चन्दा लेकर किया गया।

(च) नेपाल तथा उत्तरी भारत के कुछ भागों में आये भूकंप आपदा के पीड़ितों के लिए आधे दिन के अनुष्ठान का प्रबन्ध किया गया। इस में सभी कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल हुए। इस में

उपस्थित सभी लोगों ने उक्त आपदा में मरे हुए लोगों की आत्मा की शान्ति के लिए तथा इससे प्रभावित लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की।

(छ) लदाख के बौद्ध मठों द्वारा मन्त्र पाठ,एक सूक्ष्म सांस्कृतिक धरोहर : यूनेस्को (UNESCO) ने सूक्ष्म सांस्कृतिक धरोहर की सूची स्थापित की है। इस का उद्देश्य महत्त्वपूर्ण विश्वव्यापी सूक्ष्म सांस्कृतिक धरोहर का उत्तम संरक्षण तथा उनके महत्व की जागरूकता को सुनिश्चित करना है। सूक्ष्म सांस्कृतिक धरोहर की सूची के कार्यक्रम का प्रारंम्भ सूक्ष्म धरोहर सुरक्षा के महत्व की ओर ध्यान अंकित करने के लक्ष्य के साथ हुआ जिन को युनेस्को (UNESCO) द्वारा सारभूत अंग एवं सांस्कृतिक भिन्नता का एक पात्र और रचनात्मक अभिव्यक्ति के रूप में चिह्नित किया गया है। इस सूक्ष्म सांस्कृतिक धरोहर को जीवित धरोहर भी कहा जाता है, अर्थात् व्यावहारिक रूप के प्रतीक, अभिव्यक्ति, ज्ञान, एक व्यक्ति का कौशल तथा उपकरण, वस्तुएं, शिल्पतथ्य और सांस्कृतिक अन्तरिक्ष इन के साथ सम्बद्ध है जिन को सम्पूर्ण समाज/समुदाय/व्यक्ति उनकी अपनी सांस्कृतिक धरोहर के भाग के रूप में मान्यता देते हैं। इस प्रकार आई.सी.एच. निम्न किसी भी क्षेत्र में भी प्रकट किया जा सकता है–मौखिक परम्परा तथा भाषा की अभिव्यक्ति, पालन करने वाली कला। सामाजिक प्रथा, कर्मकाण्ड एवं त्यौहार, प्रकृति एवं सम्पूर्ण विश्व तथा पारम्परिक शिल्प–कौशल सुरक्षित रखने का ज्ञान और अनुष्ठान। तदनुसार सांस्कृतिक मंत्रालय, भारत सरकार ने लदाख के बौद्ध मठों द्वारा मन्त्र पाठ को यूनेस्को (UNESCO) की प्रतिनिधि सूक्ष्म सांस्कृतिक धरोहर की सूची (द्वितीय दायरा) में उल्लिखित करने के लिए नामांकन फाइल तैयार करने का काम संस्थान को सौंपा है। संस्थान ने नामांकन फाइल 60 मिनट अवधि के प्रालेख पोषण श्रव्यदृष्टि तथा अँग्रेजी में 10 मिनट अवधि वाले छोटे रूपान्तर को आंगुलिक चलचित्र (डिजिटॅल् विड्यू) रूप में तैयार किया है और उसे मॉडल अे'जॅन्सि अइ.जी. एन.सी.ए. के माध्यम से युनेस्को (UNESCO) के सामने प्रस्तुत किया है। युनेस्को (UNESCO) ने लदाख के बौद्ध मठों द्वारा मन्त्र पाठ को चुना। लदाख के बौद्ध मठों द्वारा किये गये मन्त्र पाठ में निम्नगोनपाओं का मन्त्र पाठ समाविष्ट है:

क्रमिक संख्या	गोनपा का नाम	आलाप की विषयवस्तु
1.	हेमिस गोनपा	रिगमा चुटुग
2.	ठिगसे गोनपा	शरकंगरिमा
3.	स्पितुग गोनपा	नस्–तन्
4.	फ्यांग गोनपा	चोत्
5.	माठो गोनपा	कुनरिग

(च) स्वच्छ भारत अभियान : भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी की पहल पर भारत सरकार ने सम्पूर्ण देश को साफ सुथरा रखने के विचार से स्वच्छ भारत अभियान का शुभारंभ किया। तदानुसार केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह ने इस शुभारंभ को ध्यान में रखते हुए संस्थान के

सभी कर्मचारी तथा विद्यार्थियों को सम्मिलित कर संस्थान के कार्यालय, कक्षा, परिसर और आसपास के क्षेत्रों की सफाई निम्न अवसरों पर कराया।

i) विश्व पर्यावरण दिवस दिनांक 5 जून, 2015
ii) महात्मा गांधी जयंती दिनांक 2 अक्तूबर, 2005

इस के अतिरिक्त संस्थान द्वारा निर्मित पंचांग के अनुसार संस्थान प्रतिमास सफाई का काम कराता है। इस के अतिरिक्त सप्ताह में संकाय सदस्य स्वच्छ भारत अभियान के महत्व पर भाषण देते हैं और इस वर्ष प्राप्त विवरण के अनुसार छात्रों में उक्त विषय पर निबंध प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकारी प्रतियोगिता आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

24.यू.जी.सी विशेषज्ञ दल का निरीक्षण : दिनांक 25 से 26 जून, 2015 तक प्रो. आर.एल. गोदरा, कुलपति, उत्तर गुजरात विश्वविद्यालय के नेतृत्व में यू.जी.सी विशेषज्ञ के एक दल ने केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह को समवत विश्वविद्यालय के दर्जा देने के सम्बन्ध में संस्थान का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दल के अन्य सदस्य इस प्रकार हैं– प्रो. विमलेन्द्र सिंह, बी.एच.यू., प्रो. आर. एन. सिंह, जम्मू विश्वविद्यालय, डॉ. पेरोसुरामन, निदेशक, टाटा ईन्सटीचुट ऑफ सोशल सइन्स, प्रो. भिक्षु सत्यपाल, दिल्ली विश्वविद्यालय और ए.के.खण्डूरी, उप सचिव, यू.जी.सी.। संस्थान के शैक्षिक एवं भौतिक आधारभूत संरचना का सम्पूर्णरूप से निरीक्षण करने के बाद तथा संस्थान के कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा भूतपूर्व छात्रों के साथ परस्पर बातचीत करने के बाद इस दल ने संस्थान के सभी गतिविधियों, कार्यों, भौतिक एवं शैक्षिक आधारभूत संरचनाओं पर सन्तोष प्रकट किया। तदनुसार केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह को समवत विश्वविद्यालय के दर्जा देने का सिफारिश किया। यू.जी.सी विशेषज्ञ दल के सिफारिश पर भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने अपनी अधिसूचना संख्या 9–5/2001–यू3(ए) दिनांक 15–01–2016 तहत केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह को समवत विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया।

25. बौद्ध दार्शनिक शास्त्र–अनुवाद परियोजना : भोटी भाषा में हजारों की संख्या में अनेक ऐसे बौद्ध दार्शनिक ग्रन्थ हैं जिन में भगवान बुद्ध के उपदेश सम्मिलित हैं और भारतीय तथा तिब्बती पण्डितों द्वारा विरचित अनेक ग्रन्थ भोटी भाषा में उपलब्ध हैं। गैरभोटी भाषी विद्वान तथा शोध कर्ता इन बहुमूल्य ग्रन्थों से लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। अतः संस्थान ने विद्वानों, शोध कर्ताओं और अन्य रूचि रखने वालों के लाभ के लिए संस्थान की प्रबंधकारिणी के स्वीकृति से बौद्ध दार्शनिक ग्रन्थों को हिन्दी में अनुवाद करने के लिए एक छोटी सी अनुवाद परियोजना का आरंभ किया है।

26. हिमालयी बौद्ध–संस्कृति–विश्व–कोश के संकलन का आरम्भ : संस्थान की प्रबन्ध–समिति ने प्रो॰ रमेश चन्द्र तिवारी की देख–रेख में हिमालयी बौद्ध–संस्कृति–विश्व कोश की रचना की परियोजना का अनुमोदन किया है। परियोजना का कार्य पाँच वर्ष का है एवं 10 भागों में विश्वकोश तैयार करने की योजना है। विद्वानों को अनुबन्ध के आधार पर नियुक्त कर इस परियोजना का कार्यारम्भ हो चुका है। उक्त योजना मुख्य सम्पादक के निरीक्षण में दो सम्पादक एवं तीन शोध–सहायकों के सहयोग से प्रगति पर है। प्राप्त विवरण के अनुसार इस सत्र के दौरान संस्थान ने इस विश्व कोश के दो खण्ड़ों को प्रकाशित किया है, जो लदाख क्षेत्र से सम्बन्धित हैं। अन्य खण्डों का काम प्रगति पर है। दिनांक 19–12– 2011 को हुई केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह की प्रबंधकारिणी की बैठक में इस परियोजना के महत्व को ध्यान में रखते हुए इसकी अवधि अगले पाँच साल के लिए बढ़ा दी गई है।

27. राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव : भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय ने विविध राज्यों के सांस्कृतिक संगठनों के अतिरिक्त संस्कृति मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित और इस के अधीन काम करने वाले विभिन्न सांस्कृतिक संगठनों को कार्य में लगा कर दिनांक 3 नवम्बर 2015 से 6 नवम्बर 2015 तक इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली में राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया। उक्त महोत्सव में भाग लेने के लिए संस्थान ने कला और शिल्प के विशेषज्ञों का एक दल प्रतिनियुक्त किया। इस अवसर पर संस्थान के शिल्प शिक्षक ने थंका चित्र कला का प्रदर्शन किया। इस के अतिरिक्त संस्थान द्वारा प्रकाशित पुस्तकों की एक दुकान भी लगायी।

28. कुशीनगर में बौद्ध महोत्सव : भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार संस्थान के कलाकारों के एक दल ने केन्द्रीय तिब्बती विश्व विद्यालय, सारनाथ, वाराणसी द्वारा दिनांक 24–11–2015 से 26–11–2015 तक आयोजित बौद्ध महोत्सव में भाग लिया। इस में थंका, थंका बनाने का प्रदर्शन, थंका बेचने का प्रदर्शन और हिमालय क्षेत्र की संस्कृति का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा प्रकाशित पुस्तकों के प्रचार एवं विक्रय के लिए पुस्तकों की एक दुकान भी लगायी।

29. बेंगलुरू में बौद्ध महोत्सव : संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर संस्थान ने दिनांक 1–12–2015 से 4–12–2015 तक बेंगलुरू में आयोजित बौद्ध महोत्सव में भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान के अंगभूतों का प्रदर्शन और विक्रय किया, जिस में थंका चित्रकारी भी

शामिल है। इस के अतिरिक्त संस्थान ने सेरा गोनपा के विशेषज्ञों के छमस नृत्य का भी प्रबन्ध किया। यह कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा।

30. पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र :

राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन, भारत सरकार ने केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह को पाण्डुलिपि संसाधन केन्द्र के रूप में लदाख क्षेत्र के लिए ''पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र'' पद प्रदान किया है। तदनुसार संस्थान ने अनुबन्ध के आधार पर विद्वानों की नियुक्ति कर उन्हें काम सौंपा है। वर्तमान में सात कुशाग्रबुद्धि कर्मचारी इस योजना पर मार्च से नवम्बर तक काम कर रहे हैं। उक्त योजना के प्रलेख पोषण का काम कठोर ठण्ड के मौसम के कारण दिसम्बर से फरवरी तक तीन महीने के लिए बन्द रहता है। संस्थान ने लदाख क्षेत्र के 2130 मठों, महलों एवं व्यक्तियों से लगभग 30,807 पाण्डुलिपियों का संग्रह किया है तथा प्रयास है कि इस क्षेत्र में उपलब्ध सभी पाण्डुलिपियों का संग्रह किया जा सके। इसके अतिरिक्त संस्थान लदाख क्षेत्र के विभिन्न विहारों में उपलब्ध दुर्लभ पाण्डुलिपियों का संरक्षण भी करता है। अब तक 22,526 पन्नों का संरक्षण किया जा चुका है।

